WHEREAS, as per the report submitted by the District Election Officer, Kheri, Uttar Pradesh and forwarded by the Joint Chief Electoral Officer, Uttar Pradesh *vide* their letter No. 287/Nirvachan Vayy Cell/GE-LA/2022/Patra-01/2021, dated 27th April, 2022, Shri Prashant Rajwansh Ranu, a contesting candidate of Uttar Pradesh from 140-Sri Nagar (SC) Assembly Constituency of Uttar Pradesh, has failed to lodge account of his election expenses, in the manner, as required under law; and,

WHEREAS, on the basis of the reports of the District Election Officer, Kheri, Uttar Pradesh and the Chief Electoral Officer, Uttar Pradesh, a Show-Cause notice, 76/UP-LA/2022/CEMS-III dated 29th November, 2022 was issued under sub rule (5) of Rule 89 of the Conduct of Elections Rules, 1961 by the Election Commission of India to Shri Prashant Rajwansh Ranu for not lodging the account of Election Expenses; and,

WHEREAS, As per the sub rule (6) of Rule 89 of the Conduct of Elections Rules, 1961, through the above said Show-Cause Notice, dated 29th November, 2022, Shri Prashant Rajwansh Ranu was directed to submit his representation in writing with explaining the reasons for not lodging the account and to lodge account of election expenses within 20 days from the date of receipt of the notice; and,

WHEREAS, the said notice was received by the candidate on 13st December, 2022. The acknowledgment receipt has been submitted to the Commission by the District Election Officer, Kheri, *vide* its letter no. 666 / वि0स0सा0नि0-व्यय लेखा / 2022; and,

WHEREAS, the District Election Officer, Kheri in his Supplementary Report, *vide* its letter 727 / वि0स0सा0नि0-व्यय लेखा / 2022-संवीक्षा रिपोर्ट dated 23rd March, 2023 has reported that Shri Prashant Rajwansh Ranu has neither submitted any representation nor any statement of account of election expenses. Further, after receipt of the due notice of the Election Commission of India, he has furnished neither any reason nor explanation for the said failure; and,

WHEREAS, the Commission is satisfied that Shri Prashant Rajwansh Ranu has failed to lodge the account of election expenses and has no good reason or justification for the failure,

WHEREAS, Section 10 A of the Representation of the People Act, 1951 provides that :–

"If the Election Commission is satisfied that a person–

(a) has failed to lodge an account of election expenses, within the time and in the manner required by or under this Act, and

(b) has no good reason or justification for the failure, the Election Commission shall, by order published in the Official Gazette, declare him to be disqualified and any such person shall be disqualified for a period of three years from the date of the order";

NOW, THEREFORE, in pursuance of Section 10A of the Representation of the People Act, 1951, the Election Commission of India hereby declares Shri Prashant Rajwansh Ranu resident of House No. 473, Moh. Hathipur Uttari, Post-Midaniya, Nighasan Road, Lakhimpur Kheri a contesting candidate from 140-Sri Nagar (SC) Assembly Constituency of the State of Uttar Pradesh in the General Election to the Legislative Assembly 2022 to be disqualified for being chosen as and for being a member of either House of the Parliament or the Legislative Assembly or the Legislative Council of a State or Union Territory for a period of three years from the date of this order.

BINOD KUMAR,
Secretary,
Election Commission of India.

By order,
AJAY KUMAR SHUKLA,
Secretary.

भारत निर्वाचन आयोग

नई दिल्ली, तारीख 09 मई, 2023 ई0 / वैशाख 19, 1945 (शक)

आदेश

सं0 76/उत्तर प्रदेश-वि0स0/बांदा/2022/सी0ई0एम0एस0-III—**यतः,** उत्तर प्रदेश राज्य की 233-बबेरू विधान सभा क्षेत्र के साधारण निर्वाचन 2022 की घोषणा अधिसूचना नं0-68/61-2022 दिनांक 27 जनवरी, 2022 के जरिए की गई थी।

यतः लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 78 के अनुसार, निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी को, निर्वाचित अभ्यर्थी के निर्वाचन की तारीख से 30 दिनों के भीतर निर्वाचन व्यय के अपने लेखे की सही प्रति जिला निर्वाचन अधिकारी को दाखिल करनी होती है; और

यतः 233-बबेरू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी द्वारा उक्त निर्वाचन का परिणाम 10 मार्च, 2022 को घोषित किया गया था। इस प्रकार, निर्वाचन व्यय का लेखा दाखिल करने की अन्तिम तारीख 09 अप्रैल, 2022 थी; और

यतः, जिला निर्वाचन अधिकारी, बांदा, उत्तर प्रदेश के द्वारा प्रस्तुत और संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश द्वारा पत्र सं0 287/निर्वाचन व्यय सेल/वि0स0सा0नि0-2022/पत्रा0-01/2021 के जरिए अग्रेषित दिनांक 27 अप्रैल, 2022 की रिपोर्ट के अनुसार श्री जयपाल, जो उत्तर प्रदेश विधान सभा का साधारण निर्वाचन 2022 के निर्वाचन क्षेत्र 233-बबेरू से लड़ने वाले अभ्यर्थी हैं, विधि द्वारा यथापेक्षित रीति से अपने निर्वाचन व्यय का कोई भी लेखा दाखिल करने में विफल रहे हैं; और,

यतः, जिला निर्वाचन अधिकारी, बांदा, उत्तर प्रदेश, और मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश की उक्त रिपोर्टों के आधार पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचनों का संचालन नियम 1961 के नियम 89 के उप नियम (5) के अंतर्गत निर्वाचन व्यय प्रस्तुत नहीं करने के लिए श्री जयपाल, को कारण बताओ नोटिस सं. 76/उत्तर प्रदेश-वि0स0/2022/सी0ई0एम0एस0-III, दिनांक 11 नवम्बर, 2022 जारी किया गया था; और

यतः, निर्वाचनों का संचालन नियम 1961 के नियम 89 के उप-नियम (6) के अनुसार, दिनांक 11 नवम्बर, 2022 के उपर्युक्त कारण बताओ नोटिस के जरिए श्री जयपाल, को निदेश दिया गया था कि वे इस नोटिस के प्राप्त होने के 20 दिनों के अंदर लेखा न प्रस्तुत कर पाने के कारणों को स्पष्ट करते हुए लिखित रूप में अपना अभ्यावेदन प्रस्तुत करें और साथ ही, निर्वाचन व्यय का अपना लेखा दाखिल करें; और

यतः, जिला निर्वाचन अधिकारी, बांदा द्वारा अपने दिनांक 16 मार्च, 2023 के पत्र संख्या निर्वाचन(वि0स0-नि0व्यय लेखा)/2022 के जरिए आयोग को सूचना दी गई की उक्त नोटिस अभ्यर्थी द्वारा दिनांक 31 दिसम्बर, 2022 को प्राप्त किया गया था; और,

यतः, जिला निर्वाचन अधिकारी, बांदा द्वारा दिनांक 16 मार्च, 2023 के पत्र संख्या निर्वाचन(वि0स0-नि0व्यय लेखा)/2022 के जरिए प्रस्तुत की गई अनुपूरक संवीक्षा रिपोर्ट में यह बताया गया है कि श्री जयपाल, ने न तो कोई भी अभ्यावेदन और न ही अपने निर्वाचन व्यय का लेखा दाखिल किया है। इसके अतिरिक्त उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग का सम्यक् नोटिस मिलने के उपरांत उक्त विफलता के लिए न तो कोई कारण बताया है और न ही कोई स्पष्टीकरण दिया है; और,

यतः, आयोग का यह समाधान हो गया है कि श्री जयपाल, निर्वाचन खर्चों का लेखा दाखिल करने में विफल रहे हैं और उनके पास इस विफलता के लिए कोई भी उचितकारण अथवा औचित्य नहीं है; और

यतः, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 10क में अनुबंधित किया गया है किः–

''यदि निर्वाचन आयोग का समाधान हो जाता है कि कोई व्यक्ति–

(क)–निर्वाचन व्ययों का लेखा उस समय के भीतर और उस रीति में जैसी इस अधिनियम के द्वारा या अधीन अपेक्षित है, दाखिल करने में असफल रहा हैं; तथा

(ख)–उस असफलता के लिए कोई अच्छा कारण या न्यायोचित्य नहीं रखता है, तो निर्वाचन आयोग शासकीय राजपत्र में प्रकाशित आदेश द्वारा उसको निरर्हित घोषित करेगा और ऐसा व्यक्ति उस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित होगा।

अतः, अब लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 10क के अनुसरण में भारत निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा घोषणा करता है कि उत्तर प्रदेश राज्य के 233-बबेरू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से उत्तर प्रदेश राज्य में विधान सभा के साधारण निर्वाचन, 2022 में निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी श्री जयपाल, निवासी ग्राम-सेरसा, पोस्ट-सेरसा, जिला-मथुरा, को इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के लिए संसद के किसी भी सदन अथवा राज्य अथवा संघ राज्य-क्षेत्र की विधान सभा अथवा विधान परिषद् का सदस्य चुने जाने अथवा होने के लिए निरर्हित है।

बिनोद कुमार,
सचिव,
भारत निर्वाचन आयोग।

आज्ञा से,
अजय कुमार शुक्ला,
सचिव।

ELECTION COMMISSION OF INDIA

New Delhi, dated *09th May, 2023* / *19th Vaishakha, 1945 (Saka)*

ORDER

No. 76/UP-LA/Banda/2022/CEMS-III–WHEREAS, the General Election to 233-Baberu Legislative Assembly of Uttar Pradesh, 2022 was announced *vide* Notification No. 68/61-2022 dated 27th January, 2022.

WHEREAS, as per Section 78 of the Representation of the People Act, 1951, every contesting candidate at an election has to, within 30 days from the date of election of the returned candidate, lodge a true copy of the account of his election expenses with the District Election Officer; and,

WHEREAS, the result of the said election along with 233-Baberu Assembly Constituency was declared by the concerned Returning Officer on 10th March, 2022, Hence, the last date for lodging the account of Election Expenses was 09th April, 2022; and,

WHEREAS, as per the report submitted by the District Election Officer, Banda, Uttar Pradesh and forwarded by the Joint Chief Electoral Officer, Uttar Pradesh *vide* their letter No. 287/Nirvachan Vayy Cell/GE-LA/2022/Patra-01/2021, dated 27th April, 2022, Shri Jaypal, a contesting candidate of Uttar Pradesh from 233-Baberu Assembly Constituency of Uttar Pradesh, has failed to lodge account of his election expenses, in the manner, as required under law; and,

WHEREAS, on the basis of the reports of the District Election Office, Banda, Uttar Pradesh and the Chief Electoral Officer, Uttar Pradesh, a Show-Cause notice, 76/UP-LA/2022/CEMS-III dated 11th November, 2022 was issued under sub rule (5) of Rule 89 of the Conduct of Elections Rules, 1961 by the Election Commission of India to Shri Jaypal for not lodging the account of Election Expenses; and,

WHEREAS, As per the sub rule (6) of Rule 89 of the Conduct of Elections Rules, 1961, through the above said Show-Cause Notice, dated 11th November, 2022, Shri Jaypal was directed to submit his representation in writing with explaining the reasons for not lodging the account and to lodge account of election expenses within 20 days from the date of receipt of the notice; and,

WHEREAS, the said notice was received by the candidate on 31st December, 2022. The acknowledgment receipt has been submitted to the Commission by the District Election Officer, Banda, *vide* its letter no. निर्वाचन(वि0स0-नि0व्यय लेखा)/2022 dated 16th March, 2023; and,

WHEREAS, the District Election Officer, Banda in his Supplementary Report, *vide* its letter निर्वाचन(वि0स0-नि0व्यय लेखा)/2022 dated 16th March, 2023 has reported that Shri Jaypal has neither submitted any representation nor any statement of account of election expenses. Further, after receipt of the due notice of the Election Commission of India, he has furnished neither any reason nor explanation for the said failure; and,

WHEREAS, the Commission is satisfied that Shri Jaypal has failed to lodge the account of election expenses and has no good reason or justification for the failure,

WHEREAS, Section 10 A of the Representation of the People Act, 1951 provides that :–

"If the Election Commission is satisfied that a person–

(a) has failed to lodge an account of election expenses, within the time and in the manner required by or under this Act, and

(b) has no good reason or justification for the failure, the Election Commission shall, by order published in the Official Gazette, declare him to be disqualified and any such person shall be disqualified for a period of three years from the date of the order";

NOW, THEREFORE, in pursuance of Section 10A of the Representation of the People Act, 1951, the Election Commission of India hereby declares Shri Jaypal resident of Gram-Sersha, Po.-Sersha, Jila-Mathura, a contesting candidate from 233-Baberu Assembly Constituency of the State of Uttar Pradesh in the General Election to the Legislative Assembly 2022 to be disqualified for being chosen as and for being a member of either House of the Parliament or the Legislative Assembly or the Legislative Council of a State or Union Territory for a period of three years from the date of this order.

BINOD KUMAR,
Secretary,
Election Commission of India.

By order,
AJAY KUMAR SHUKLA,
Secretary.

पी0एस0यू0पी0–32 हिन्दी गजट–भाग 7-ख–2023 ई0।

मुद्रक एवं प्रकाशक–निदेशक, मुद्रण एवं लेखन-सामग्री, उ0प्र0, प्रयागराज।

पी0एस0यू0पी0–661 निर्वाचन–01.11.2023–125 प्रतियां (डी0टी0पी0/आफसेट)।

रजिस्टर्ड नं०–ए०डी०–4
लाइसेन्स सं०–डब्ल्यू०पी०–41
(लाइसेन्स्ड टू पोस्ट बिदाउट प्रीपेमेन्ट)

सरकारी गज़ट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रकाशित

प्रयागराज, शनिवार, 04 नवम्बर, 2023 ई० (कार्तिक 13, 1945 शक संवत्)

भाग 8

सरकारी कागज-पत्र, दबाई हुई रूई की गांठों का विवरण-पत्र, जन्म-मरण के आंकड़े, रोगग्रस्त होने वालों और मरने वालों के आंकड़े, फसल और ऋतु सम्बन्धी रिपोर्ट, बाजार-भाव, सूचना, विज्ञापन इत्यादि।

कार्यालय, नगर पालिका परिषद, उरई, जनपद जालौन (उ0प्र0)

अधिसूचना

27 सितम्बर, 2023 ई0

सं0 562(2023-24)–उरई, नगर पालिका परिषद–उरई (जालौन) द्वारा उत्तर प्रदेश के नगर विकास विभाग के विभिन्न कार्य–क्षेत्रों से परिपूर्ण व्यापक तौर पर प्रतिपादित 'सार्वजनिक-निजी-सहभागिता' (पी0पी0पी0) उपविधि सम्बन्धी दिशा निर्देशों के दायरे में, नगरपालिका परिषद, उरई (जालौन) की सीमा के अन्तर्गत 'सार्वजनिक-निजी-सहभागिता' (पी0पी0पी0) आधारित व्यवसायिक केन्द्रों/दुकानों के निर्माण व आवंटन के निमित्त अधोवर्णित ''पी0पी0पी0 माडल आधारित व्यवसायिक केन्द्र/दुकानों के निर्माण एवं आवंटन नियमावली, 2017'' बनाई गई है। यह नियमावली, उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या-2 सन् 1916 की धारा-298 में निहित सूची-1 (एक) की उपविधि-'झ' के तहत प्रदत्त शक्तियों के अधीन बनाई गई है; जो कि सरकारी/राजकीय गजट में प्रकाशन के साथ प्रभावी होगी। उक्त नियमावली का प्रकाशन उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा-301(1) के अन्तर्गत दैनिक समाचार पत्र ''दैनिक कर्मयुग प्रकाश'' में दिनांक 26 सितम्बर, 2017, तथा दैनिक समाचार-पत्र ''हिन्दुस्तान'' में दिनांक 27 सितम्बर, 2017 को प्रकाशित करके अगले 07 कार्य दिवसों में ऐच्छिक सुझाव व आपत्तियां आमंत्रित की गई थीं। परन्तु उक्त निर्धारित अवधि में कोई भी सुझाव व आपत्ति प्राप्त न होने के कारण प्रश्नगत अधोलिखित 'नियमावली, 2017' का प्रकाशन किया जाता है।

''पी0पी0पी0 (सार्वजनिक-निजी-सहभागिता) मॉडल आधारित

व्यवसायिक केन्द्र/दुकानों के निर्माण व आवंटन नियमावली, 2017''

1–**संक्षिप्त नाम, अर्थ, परिभाषा एवं प्रारम्भ-(क)** प्रस्तुत नियमावली नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत स्थानीय निकायों/अधिकरणों, में शासकीय/प्रशासकीय अभिकरणों से इतर निजी स्रोतों अर्थात् विकासकर्ताओं/बिल्डर्स की सहभागिता द्वारा आधारभूत निर्माण-परियोजनाओं में पूर्णतया/अंशरूपेण निजी वित्त-पोषित

निर्माण-कार्य हेतु निर्धारित नीति-संरचना के तहत, नगर पालिका परिषद-उरई (जालौन) द्वारा अपने अधिकृत भू-खण्डों/भवनों पर नियमानुसार निर्माण/विकास-कार्य हेतु 'सार्वजनिक-निजी-सहभागिता' (Public-Private-Partnership) अर्थात 'पी0पी0पी0' के आधार पर ड्राफ्ट (पृष्ठांकित) की गई है।

(ख) इस नियमावली में –

(1) अग्रिम प्रस्तरों में वर्णित 'निकाय' शब्द से तात्पर्य, ''नगर पालिका परिषद-उरई, जनपद-जालौन, उ0प्र0'' से है।

(2) अग्रिम प्रस्तरों में वर्णित 'पी0पी0पी0' का तात्पर्य, 'सार्वजनिक-निजी-सहभागिता' से है।

(3) 'नियमावली, 2017' का तात्पर्य, 'पी0पी0पी0 मॉडल आधारित-व्यवसायिक केन्द्र/दुकानों के निर्माण एवं आवंटन नियमावली, 2017' से है।

(4) 'निकाय की बैठक' का तात्पर्य, 'नगर पालिका परिषद्-उरई (जालौन) की बोर्ड बैठक' से है।

(5) 'अध्यक्ष' से तात्पर्य, 'नगर पालिका परिषद-उरई (जालौन) के अध्यक्ष' से है।

(6) 'अधिशासी अधिकारी' से तात्पर्य, 'नगर पालिका परिशद-उरई (जालौन) के अधिशासी अधिकारी' से है।

(7) 'बिल्डर' से तात्पर्य, 'नियमावली, 2017 के अन्तर्गत कार्य करने वाली अधिकृत 'निर्माण-फर्म' एवं उसके स्वामी/अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता (पार्टनर अथवा मैनेजिंग बोर्ड सदस्य) से है।

2–इस 'नियमावली, 2017' के निर्देशक उपबन्धों का उद्देश्य निकाय से सम्बन्धित पूर्णरूपेण/अंशभागी स्ववित्त पोषित पी0पी0पी0 योजनाओं में निजी विकासकर्ताओं/बिल्डर्स के नियमानुसार चयन, अनुबन्ध-संपादन, निर्माण-पर्यवेक्षण एवं निर्मित संपत्ति के निस्तारण/आवंटन आदि प्रक्रियाओं के निष्पादन से सम्बन्धित है। साथ ही, यह नियमावली एकमात्र 'निर्माण, संचालन एवं हस्तान्तरण पद्वति' (BOT) पर आधारित है; जिसमें उल्लिखित उपबन्धों के अनुसार, निजी विकासकर्ता/बिल्डर्स के हितों का संरक्षण अनुमन्य होगा।

3–पी0पी0पी0 योजना के सम्बन्ध में, प्रस्तुत-प्रस्ताव/स्वतः संज्ञानित-प्रस्ताव (TOR) का अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष द्वारा प्रारंभिक अनुरक्षण किये जाने के पश्चात इसे निकाय की बैठक में नीतिगत तौर पर स्वीकृत किये जाने हेतु प्रस्तुत किया जायेगा अथवा, निकाय की बैठक में सदस्यों द्वारा अन्य प्रस्ताव रूप में शामिल करके, उस पर स्वीकृति सम्बन्धी निर्णय लिया जायेगा।

4–स्वीकृत निर्माण-योजना को; निकाय द्वारा पारित दिशा–निर्देशों के तहत अंशरूपेण/पूर्णतया निजी वित्त पोषित तय होने के उपरान्त 'निर्माण-अनुबन्ध' (Builder's Agreement) के अन्तर्गत निजी बिल्डर्स द्वारा कराया जाना अपेक्षित है। निर्माण कार्य संबन्धी मानक लोक निर्माण विभाग (उ0प्र0) की विशिष्टियों पर आधारित रहेंगे।

5–उक्त स्वीकृत निर्माण योजना के अंशरूपेण वित्त पोषित होने की स्थिति में, निकाय प्रशासन द्वारा निर्माण कार्य हेतु डी0पी0आर0 (Detailed Project Report) तैयार की जायेगी, ताकि निकाय द्वारा वहन किया जाने वाला वित्तीय भार स्पष्ट आंकलित हो सके; तदुपरान्त इस डी0पी0आर0 को निकाय की बैठक में स्वीकृत कराया जाना अपरिहार्य होगा।

6–स्वीकृत निर्माण-योजना के पूर्णरूपेण निजी वित्त पोषित होने की स्थिति में उपरोक्त प्रस्तर-5 के उपबन्ध लागू नहीं होंगे, क्योंकि निर्माण कार्य में किसी प्रकार का वित्तीय प्रभार निकाय पर नहीं होगा; तथापि 'निकाय' द्वारा निर्माण-योजना से सम्बन्धित अनुमानित व्यय आकंलन (स्टीमेट) बनाया जायेगा। सम्बन्धित निर्माण-योजना में न्यायिक, शासकीय व प्रशासकीय तथा निर्माण–स्थल सम्बन्धी विवादों के, 'कारण', उत्पन्न होने पर और इनके चलते निर्माण-कार्य के लगातार 6 माह तक बाधित होने की स्थिति में, तत्समय तक बिल्डर द्वारा किये गये ऐसे निर्माण, जिसका निस्तारण न हो पाया हो, का आंकलन अग्रिम प्रस्तर-22 के परिप्रेक्ष्य में बिल्डर द्वारा स्वयं करके 'निकाय' प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा। आवश्यकता होने पर यह आंकलन बिल्डर एंव निकाय की निर्माण इकाई द्वारा संयुक्त रूप से लोक निर्माण विभाग (उ0प्र0) की विशिष्टियों के अनुसार करके, आंकलित धनराशि का भुगतान निकाय द्वारा

सम्बन्धित अनुबन्धित-बिल्डर के पक्ष में इस प्रतिबन्ध के साथ करना होगा कि, भुगतान की गई इस आंकलित राशि को बिल्डर द्वारा सम्बन्धित योजना की आगामी प्रथम-नीलामी/बोली प्रक्रिया के पूर्व निकाय कोष में जमा कराया जाना अनिवार्य होगा। प्रश्नगत आंकलन एंव भुगतान सम्बन्धी इस कार्यवाही का निस्तारण, उक्त 6 माह की बाधित अवधि-उपरान्त बिल्डर द्वारा अपना आंकलन प्रस्तुत करने के एक माह के अन्दर सुनिश्चित कर दिया जायेगा।

7–प्रस्तर-5 अथवा प्रस्तर-6 में निर्धारित प्रक्रिया उपरान्त, स्वीकृत निर्माण योजना हेतु शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के तहत सार्वजनिक तौर पर 'पी0पी0पी0' माडल आधारित सम्पूर्ण 'निर्माण-प्रस्ताव' (EOI), निकाय की ओर से न्यूनतम 21 दिन की समयावधि हेतु; ई-टेंडरिंग/न्यूनतम दो स्तरीय समाचार पत्रों में प्रकाशन कराकर, विभिन्न नोटिस बोर्डों पर 'प्रस्ताव-आमन्त्रण सूचना' (RFP) चस्पा करके आदि-इत्यादि माध्यमों से आमन्त्रित किये जायेंगे। इनमें उल्लिखित की जाने वाली अहर्ता सम्बन्धी शर्तों व प्राविधानों (RFQ) का अनुपालन, आमन्त्रण में भाग लेने वाले बिल्डर्स के लिये अनिवार्य लागू होगा।

8–आमन्त्रित–प्रस्तावों को जिलाधिकारी/प्रभारी अधिकारी-स्थानीय निकाय अथवा उनके द्वारा नामित अधिकारी के सामने अथवा तत्समय निर्धारित प्रक्रिया/नीति के अनुसार खोला जायेगा तथा सभी प्रस्तावों पर सम्बन्धित अधिकारी की लिखित उपस्थिति/टिप्पणी दर्ज होगी। प्रत्येक (EOI) में निर्माण फर्म की ई-रजिस्ट्रेशन सम्बन्धी अहर्ता के पूरा होने पर ही, उसके शेष प्रस्तावों को संज्ञान में लिया जायेगा। अन्यथा की स्थिति में, सम्बन्धित प्रस्ताव निरस्त माना जायेगा।

9–आमन्त्रित प्रस्तावों की एक तुलनात्मक-तालिका बनाकर सम्पूर्ण आधारों के साथ, पालिका हित के सर्वाधिक अनुकूल प्रस्ताव के प्रदाता बिल्डर का नाम अंतिम तौर पर स्वीकृत किया जायेगा तथा आवश्यकता होने पर निगोशियेसन की प्रक्रिया भी संपादित की जायेगी। तुलनात्मक–तालिका पर 'निकाय' के अध्यक्ष एवं अधिशाषी अधिकारी के हस्ताक्षर होने की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रश्नगत निर्माण–अनुबन्ध का नियमानुसार सम्पादन करना उभय पक्षों पर बाध्यकारी होगा। अन्यथा की स्थिति में जिलाधिकारी/प्रभारी अधिकारी-स्थानीय निकाय को मामला सन्दर्भित किया जा सकेगा तथा इस हेतु उनका निर्णय अन्तिम होगा। निर्माण-अनुबन्ध के सम्बन्ध में नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा-96 एवं 97 पूर्णरूपेण प्रभावी होगी।

10–उपरोक्त वर्णित तुलनात्मक-प्रपत्र पर निकाय के अध्यक्ष एवं अधिशाषी अधिकारी के हस्ताक्षर होने के पूर्व, किसी भी स्तर पर सम्पूर्ण प्रक्रिया को स्थगित करने एवं निरस्त करने का अधिकार, निकाय अध्यक्ष के अनुमोदन पर अधिशासी अधिकारी में निहित रहेगा। इसके पश्चात, उक्त स्थगन/निरस्तीकरण पर सम्बन्धित जिलाधिकारी/प्रभारी अधिकारी-स्थानीय निकाय की सहमति लिया जाना अनिवार्य रहेगा।

11–'पी0पी0पी0 माडल' पर आधारित, स्वीकृत निर्माण-योजना में आमन्त्रित प्रस्तावों, में अंतिम स्वीकृत-प्रस्ताव के सम्बन्ध में कार्यादेश, निकाय के अधिशासी अधिकारी द्वारा जारी किया जायेगा। साथ ही, निर्माण-योजना की प्रगति एवं गुणवत्ता-स्थापना सम्बन्धी अधिकार अधिशासी अधिकारी में इस उपबन्ध के तहत निहित होंगे कि निर्माण-गुणवत्ता परखने सम्बन्धी कार्यवाही का सम्पादन, निकाय से इतर किसी अन्य ऐसे प्रशासकीय अभिकरण/विभाग द्वारा किया जायेगा, जो कि अध्यक्ष के अनुमोदन सहित अधिशासी अधिकारी द्वारा अधिकृत होगा।

12–'बिल्डर्स' से तात्पर्य, ऐसी निर्माण-फर्म/कम्पनी से है जिसके पास केन्द्र एवं राज्य सरकार/सरकारों के अधीनस्थ विभिन्न स्थानीय निकायों के साथ पी0पी0पी0 मॉडल आधारित निर्माण-अनुबन्ध (Builder's Agreement) के अन्तर्गत न्यूनतम द्विवर्षीय व्यावसायिक भवनों के निर्माण सम्बन्धी अनुभव निम्नांकित प्रस्तर-14 के अनुरूप अनिवार्य रूप से हो वास्तुकला एवं अभियन्त्रण का व्यवहारिक ज्ञान हो तथा निर्माण कार्य कराने हेतु कुशल श्रमिक समेत आधारभूत ढांचा स्थापित हो।

13–पूर्णरूपेण निजी वित्तपोशित निर्माण योजनाओं हेतु स्वीकृत/अधिकृत बिल्डर्स को, व्यावसायिक केन्द्र/दुकानों के निर्माण में होने वाले सम्पूर्ण व्यय का वहन अपने निजी संसाधनों से करना होगा, जिसकी अदायगी/देयता का निर्धारण 'निकाय' के प्रति सिवाय उपरोक्त वर्णित प्रस्तर-5 अथवा प्रस्तर-6 के, कदापि नहीं, होगा।

14–निर्माण-फर्म/कम्पनी, से सम्बद्ध स्वामी/न्यूनतम एक पार्टनर अथवा एक मैनेजिंग बोर्ड सदस्य, को ऐसे दस्तावेज (कार्यादेश आदि) मूल रूप में प्रस्तुत करने होंगे; जो यह प्रमाणित करें कि उनके पास उपरोक्त प्रस्तर-12 में उल्लिखित अनुभव एवं योग्यता विद्यमान है, भले ही उक्त (जनों) की अनुभव एवं योग्यता सम्बन्धी प्रश्नगत अहर्ता किसी अन्य निर्माण-फर्म/कम्पनी के स्वामी/पार्टनर या मैनेजिंग-बोर्ड के सदस्य रूप में रही हो। दस्तावेजों का सत्यापन कराया जा सकेगा। सत्यापन में विफल रहने पर सम्बन्धित फर्म को जारी कार्यादेश स्वमेव निरस्त हो जायेगा तथा फर्म/कम्पनी के विरूद्ध नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

15–'निकाय' के निर्णय एवं स्वीकृति के उपरान्त विशयगत निर्माण हेतु कार्यादेश जारी होने के उपरान्त भौतिक कब्जा प्रदान करने की तिथि से न्यूनतम 1 वर्ष एंव अधिकतम 3 वर्ष (जैसा अनुबन्ध में दर्शाया जाये) की समयावधि में, प्रत्येक दशा में सम्बन्धित बिल्डर को व्यावसायिक केन्द्र/दुकानों का निर्माण-कार्य पूर्ण करना होगा।

16–किन्हीं अपरिहार्य कारणों के चलते, यदि बिल्डर्स द्वारा निर्माण कार्य, अनुबन्ध-पत्र में उल्लिखित तय समय–सीमा में पूर्ण नहीं कराया जा सकेगा, तो ऐसी स्थिति में उसके लिखित प्रत्यावेदन पर 'निकाय' के अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी में से न्यूनतम एक द्वारा संतुष्ट होने पर निर्माण-समयावृद्धि का अवसर बिल्डर्स के पक्ष में प्रदान किया जा सकेगा। आवश्यकता होने पर इसके पश्चात की समयावृद्धि सम्बन्धी कार्यवाही 'निकाय-बोर्ड' द्वारा ही बहुमत से निर्धारित की जा सकेगी।

17–न्यायिक, शासकीय, प्रशासकीय एवं निर्माण स्थल से जुड़े विवाद के चलते विभिन्न अवरोधों/कारणों के उत्पन्न होने पर उक्त प्रस्तर '15' व '16' से जुड़े समयावधि सम्बन्धी प्रतिबन्ध बिल्डर्स पर लागू नहीं होंगे तथा इन अवरोधों/कारणों के उत्पन्न होने से लेकर उनका निराकरण होने तक का समयान्तराल, निर्माण-समयावधि के अतिरिक्त माना जायेगा।

18–बिल्डर, जिसके पक्ष में निर्माण-अनुबन्ध पश्चात् कार्यादेश निर्गत होगा; उसके लिए अनिवार्य होगा कि कार्यादेश जारी होने के पश्चात 'निकाय' द्वारा निर्माण-स्थल पर भौतिक कब्जा प्रदान कराये जाने पर एक माह की अवधि के अन्दर निर्माण कार्य आरम्भ कर दे। 'निकाय' प्रशासन द्वारा निर्माण स्थल की अस्थायी घेराबन्दी (तार फेन्सिंग/चाहर दीवारी आदि) कराकर बिल्डर को मौके पर भौतिक कब्जा दिया जायेगा और ऐसा न हो पाने तक का समयान्तराल, उपरोक्त प्रस्तर-17 के अनुसार, निर्माण-अवधि के अतिरिक्त होगा; जिसका दायित्व 'निकाय' पर रहेगा।

19–व्यवसायिक केन्द्र/दुकानों का निर्माण, 'निकाय' द्वारा स्वीकृत कराये गये वैधानिक प्लान (तलपट-मानचित्र) के आधार पर ही उसमें उल्लिखित दिशा निर्देशों के अनुसार कराया जायेगा। किन्हीं परिस्थितियों में व्यवहारिकतावश इसमें किसी प्रकार का परिवर्तन 'निकाय' प्रशासन की सहमति पर ही नियमानुसार कराया जा सकेगा।

20–सन्दर्भित व्यवसायिक केन्द्र/दुकानों एवं सम्बद्ध भू-खण्ड पर स्वामित्व सम्बन्धी अधिकार 'निकाय' का ही रहेगा। इसमें बिल्डर का कोई हस्तक्षेप नहीं होगा।

21–भू-खण्ड की उपलब्धता एवं निर्मित व्यवसायिक केन्द्र हेतु विधुत संयोजन एंव अग्निशमन सम्बन्धी सम्पूर्ण दायित्व को छोड़कर, प्रश्नगत निर्माण में किसी भी प्रकार का वित्तीय निवेश 'निकाय' को नहीं करना है बल्कि प्रस्तर–13 के अनुरूप बिल्डर द्वारा ही किया जाना है।

22–व्यवसायिक केन्द्र/दुकानों की निर्माण-लागत के साथ-साथ समस्त शारीरिक/मानसिक श्रम का वहन भी बिल्डर द्वारा किया जाना है। निर्माण लागत के साथ ही पूँजी-ह्रास दर, बैंक ब्याज दर, स्थलीय विकास सम्बन्धी व्यय, कान्टीजेन्ट एवं विविध व्यय आदि-इत्यादि का समायोजन बिल्डर्स के पक्ष में प्रक्रियानुसार प्राप्त दुकानों की प्रीमियम राशि में से ही किया जाना अपेक्षित रहेगा। अर्थात, निर्माण-लागत में उक्त सभी दरें एवं व्यय अतिरिक्त रूप में समाहित होंगे।

23–प्रत्येक निर्माण-कार्य में तीन आवश्यक तत्व शामिल रहते हैं; यथा-भूमि, श्रम एव पूँजी प्रश्नगत मामले में 'भूमि' 'निकाय' के अन्तर्गत है तथा 'श्रम' व 'पूँजी' के फैक्टर्स बिल्डर्स/निवेशकर्ता के हैं। अतः इन परिस्थितियों में दुकानों की बोली/प्रीमियम से प्राप्त धनराशि का बंटवारा, बिल्डर व 'निकाय' के मध्य इस तथ्य को संज्ञान में रखकर

आपसी सहमति के अनुसार किया जायेगा कि बिल्डर्स को केवल एकमात्र रूप में प्रीमियम राशि का अंश-भाग, एक ही बार मिलना है; जबकि निर्मित भवन का सम्पूर्ण मालिकाना हक, प्रीमियम राशि का एक निर्धारित अंश तथा दुकानों से किरायेदारी रूप में होने वाली निश्चित एवं निरन्तर मासिक आय का सम्पूर्ण भांग 'निकाय' के पक्ष में सदैव रहना सुनिश्चित है।

24—अधिकृत बिल्डर्स व 'निकाय' प्रशासन की उभय सहमति के द्वारा तय की गई न्यूनतम प्रीमियम राशि से कम पर कोई भी दुकान आवंटित/नीलाम नहीं की जा सकेगी। निर्मित दुकानों के निस्तारण की प्रक्रिया, शासनादेश संख्या 1073 बी/11-5-14 (1)/78 दिनॉक 26 जून 1978 में उल्लेखित शासकीय विज्ञप्ति संख्या-2462 बी/11-5-55 (68)/70, दिनॉक 18 अक्टूबर, 1973 के अनुसार ही की जायेगी एंव इस सम्बन्ध में अन्य कोई शासनादेश निर्गत होने की दशा में तद्नुसार निस्तारण की कार्यवाही की जायेगी।

25—निर्मित/निर्माणाधीन दुकानों अथवा उनकी आंशिक संख्या (जैसा बिल्डर द्वारा प्रस्तावित हो) का निस्तारण; बिल्डर द्वारा अधिशासी अधिकारी को लिखित रूप प्रत्यावेदित किये जाने पर, नीलामी सूचना का इश्तेहार/विज्ञापन, 'निकाय' के अधिशासी अधिकारी की तरफ से अनिवार्य रूप में एक सप्ताह के अन्दर निर्धारित प्रक्रिया अनुसार सार्वजनिक तौर पर विज्ञापित (समाचार-पत्रों व नोटिस बोर्ड आदि में) किया जायेगा। अन्यथा की स्थिति में, 'निकाय' प्रशासन को सूचित करते हुये बिल्डर द्वारा 'निकाय' का कार्यालय पत्रांक जारी कराकर नीलामी-सूचना सम्बन्धी इश्तेहार/विज्ञापन का प्रकाशन सार्वजनिक तौर पर स्वयं किया जाना अनुमन्य होगा। ऐसे कार्यालय पत्रांक को निकाय द्वारा तद्दिनांक में ही जारी किया जाना अनिवार्य होगा।

26—नीलामी/बोली की प्रक्रिया, 'निकाय' के अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी में से न्यूनतम एक की उपस्थिति में बिल्डर द्वारा संपादित की जायेगी तथा नीलामी प्रक्रिया के अन्तर्गत सार्वजनिक विज्ञापन में उल्लखित शर्तों व नियमों (जो कि बिल्डर्स एवं 'निकाय' प्रशासन की उभय सहमति से निर्धारित हों) के तहत तय मानकों को बोलीदाताओं द्वारा पूरा किये जाने पर सम्पन्न होने वाली नीलामी में, सर्वोच्च बोलीदाता का नाम सभी अनिवार्य तथ्यों समेत सम्बन्धित दुकान के सापेक्ष अन्तिम (Final) नीलामी-चार्ट पर अंकित किया जायेगा तथा नीलामी प्रक्रिया के समापन पर इस नीलामी-चार्ट को बिल्डर के अतिरिक्त अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी में से न्यूनतम एक अथवा दोनों के द्वारा मय दिनॉक हस्ताक्षरित किया जायेगा। नीलामी-चार्ट बिल्डर की सुपुर्दगी में रहेंगें।

27—वांछनीय होने पर, बिल्डर्स द्वारा 'निकाय' प्रशासन को सूचित करते हुये, जिला प्रशासन को लिखित प्रत्यावेदन किये जाने की स्थिति में यह सम्पूर्ण नीलामी दायित्व जिलाधिकारी/प्रभारी अधिकारी-स्थानीय निकाय द्वारा स्वंय अथवा उनके द्वारा अधिकृत मजिस्ट्रेट स्तर के अधिकारी की उपस्थिति में भी कराया जा सकेगा; जिसमें, 'निकाय' प्रशासन की उपस्थिति भी वांछनीय होगी। नीलामी प्रक्रिया सम्बन्धी आगामी प्रकियाओं हेतु जिला प्रशासन के प्रतिनिधि अधिकारी में 'निकाय' की शक्तियों का समावेशन तब तक बना रहेगा, जब तक कि 'निकाय' प्रशासन एंव बिल्डर्स द्वारा नीलामी दायित्व की पूर्ति हेतु सामंजस्य स्थापित करके जिला प्रशासन को इस हेतु पृथक-पृथक सूचित नहीं किया जाता है।

28—बोलीदाताओं को नीलामी प्रक्रिया से सम्बद्ध सभी शर्तों व नियमों का पालन करना होगा, जैसा कि सार्वजनिक विज्ञापन में उल्लेखित किया जाये। अन्यथा की स्थिति में, बोलीदाताओं के प्रति नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी, जिसकी जवाबदेही किसी भी प्रकार से बिल्डर अथवा 'निकाय' की कदापि नहीं होगी।

29—बिल्डर द्वारा, बिल्डर्स-एग्रीमेन्ट की शर्तों के अनुसार, प्राप्त प्रीमियम राशि में से तयशुदा धनराशि प्रति दुकान का भुगतान 'निकाय' कोष में अंतिम बोलीदाता/आवंटी की ओर से कराये जाने के अतिरिक्त उक्त आवंटी के प्रति 'निकाय' के अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी को सम्बोधित दो प्रतियों में अपने अधिकृत आंवटन/अधिकार-पत्र (Authority Letter) जारी किये जाने पर ही 'निकाय' प्रशासन सम्बन्धित आवन्टी के साथ किरायेदारी—अनुबन्ध सम्पादित करेगा। अधिकार-पत्र में आवंटी के सापेक्ष आवंटित दुकान का सम्पूर्ण ब्यौरा अनिवार्य रूप में अंकित होगा तथा प्रत्येक दुकान का पृथक-पृथक अधिकार-पत्र व्यक्तिगत रूप से बिल्डर्स द्वारा 'निकाय' प्रशासन को सौंपा जायेगा।

30–प्रत्येक दुकान का मासिक किराया, 'निकाय' की बैठक में विद्यमान सर्किल रेट/गृहकर की व्यावसायिक दर के आधार पर ही निर्धारित किया जायेगा जिसमें बिल्डर्स की राय अनुमन्य नहीं होगी। इस किराया-राशि का सम्पूर्ण हक सदैव 'निकाय' का होगा।

31–निर्मित दुकानों का निस्तारण, प्रस्तर '15', '16' एवं '17' के अनुसार निर्धारित निर्माण–अवधि के अतिरिक्त अधिकतम एक वर्ष की अवधि के भीतर विल्डर्स द्वारा किया जाना अनिवार्य होगा। अन्यथा की स्थिति में, 'निकाय' प्रशासन द्वारा, अधिकृत बिल्डर्स को पूर्व सूचित करते हुये स्वयं की ओर से आहूत नीलामी प्रक्रिया के द्वारा उपरोक्त प्रस्तर-23 लगायत 30 के प्राविधानों के अनुसार ही दुकानों का निस्तारण किया जा सकेगा अथवा जैसा सामंजस्य बिल्डर्स एवं 'निकाय' प्रशासन के मध्य स्थापित हो सके; उसके अनुरूप निर्णय लागू होगा। नीलामी प्रक्रिया को निकाय द्वारा स्वंय कराये जाने की स्थिति में भी अधिकृत विल्डर के सभी अधिकार सुरक्षित रहेंगे।

32–आवंटियों को आवश्यक होगा कि स्वीकृत दुकानों में व्यापार प्रारम्भ करने से पूर्व व्यापार के किस्म की सूचना पहले देनी होगी। दुकानों में किसी भी प्रकार अवैधानिक कार्यकलापों/प्रतिबन्धित व्यापारिक गतिविधियों तथा अव्यवस्था फैलाने वाले व्यापार को करने की इजाजत नहीं दी जायेगी।

33–आवंटी को 'निकाय' से किराया-अनुबन्ध करना अनिवार्य होगा। प्रत्येक 05 वर्ष के पश्चात् 'निकाय' को 10 प्रतिशत किराया बढ़ाने का अधिकार होगा।

34–यदि किसी दुकान का आवंटी (दुकानदार)/किरायेदार प्रत्येक माह नियमित तौर पर किराया का भुगतान 'निकाय' कोष में नहीं करता है तो लगातार 06 माह का किराया बाकी होने पर उसे नोटिस दिया जाना वांछित होगा तथा अगले 01 माह में दो लगातार पाक्षिक नोटिसों के पश्चात् अन्तिम नोटिस के तहत प्रदत्त समय-सीमा की समाप्ति पर सम्बन्धित किरायेदार लायक बेदखली होगा।

35–किरायेदार का उपभोग अधिकार केवल सम्बन्धित तल का होगा। दुकान की ऊपर–नीचे की मंजिल/तल पर 'निकाय' अथवा उसके द्वारा अधिकृत आवंटी का अधिकार होगा। किरायेदार को अपने से सम्बन्धित तल के अतिरिक्त अन्य तल के सम्बन्ध में 'निकाय' के सार्वभौमिक अधिकार के सम्बन्ध में कोई उज्र व ऐतराज नहीं होगा।

36–किसी आवंटित दुकान के सम्बन्ध में प्रत्येक इकरारनामा 05 वर्ष अथवा इसके गुणांको की अवधि के लिये निष्पादित किया जायेगा। उसके प्रत्येक नवीनीकरण पर किरायेदारी में न्यूनतम 10 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की जायेगी। साथ ही, उक्त इकरारनामा में उल्लेखित शर्तों के उल्लंघन पर नोटिस पश्चात् सम्बन्धित किरायेदार लायक बेदखली होगा।

37–किरायेदार की, किराये के अतिरिक्त अन्य निर्धारित वैधानिक करों को अदा करने की भी जिम्मेदारी होगी। साथ ही, शिकमी किरायेदारी व्यवस्था प्रतिबन्धित होगी। लेकिन किरायेदार की मृत्यु के पश्चात् वैधानिक उत्तराधिकार/उत्तराधिकारियों को सम्बन्धित प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर नियमानुसार समान अधिकार की प्राप्ति होगी।

38–किरायेदार को किरायेदारी वाले भवन/दुकान में बिना 'निकाय' प्रशासन की वैधानिक लिखित सहमति के कोई तोड़फोड़ या संरचना में संशोधन आदि का अधिकार प्राप्त नहीं होगा तथा उसे यह भी अधिकार न होगा कि अपनी किरायेदारी की दुकान के मौलिक रूप में किसी भी प्रकार का कोई परिवर्तन करें।

39–गजट उपरान्त 'नियमावली, 2017' का प्रस्तुत प्रारूप तब तक अपरिवर्तनीय रहेगा, जब तक कि अन्य कोई न्यायिक/शासकीय दिशा निर्देश ज्ञापित न हों अथवा, निकाय की कुल सदस्य संख्या के दो-तिहाई सदस्यों के बहुमत से ऐसा किया जाना पारित करके इस हेतु जिलाधिकारी/प्रभारी अधिकारी-स्थानीय निकाय की लिखित अनुमति प्राप्त हो। साथ ही, पुनः गजट प्रक्रिया भी सम्पन्न न हो जाये।

इस प्रकार, प्रस्तुत उक्त 'नियमावली, 2017' के अन्तर्गत उपरोक्तानुसार वर्णित कुल प्रस्तरों की संख्या '01' लगायत '39' है।

गिरजा चौधरी,
अध्यक्ष,
नगरपालिका परिषद्, उरई,
जनपद जालौन (उ0प्र0)।

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का सही नाम सूजल केशरवानी पुत्र धनराज है जो उसके शैक्षिक अभिलेखों में अंकित है। मेरे पुत्र का स्वास्थ्य ठीक न रहने के कारण अपने ज्योतिषाचार्य के अनुसार मैने अपने पुत्र का नाम सूजल केशरवानी से बदलकर आदित्य केशरवानी रख लिया है। भविष्य में आदित्य केशरवानी पुत्र धनराज के नाम से जाना व पहचाना जाये।

धनराज पुत्र राजेन्द्र केशरवानी,
पता- सैदाबाद तह0 हंडिया प्रयागराज।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मैसर्स भारत नगर हाउसिंग पंजीकृत कार्यालय 2/27, सेठ गली, आगरा 282003 जिसकी पंजीकरण सं0 एजी-16047 है। यह फर्म भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 के अन्तर्गत आगरा से पंजीकृत है। अभी तक फर्म में तीन साझेदार क्रमशः श्रीमती हीरा देवी, श्री मून गोयल और श्री शोभिक गोयल थे। जिसमें से श्रीमती हीरा देवी का निधन दिनांक 01 मई, 2021 को हो गया था। फर्म का नया भागीदारी विलेख दिनांक 01 मई, 2021 को लिखा गया है जिसमें श्री अशोक कुमार गोयल नये साझेदार है। वर्तमान में श्री अशोक कुमार गोयल, श्री मून गोयल और श्री शोभिक गोयल फर्म के साझेदार है।

साझेदार
शोभिक गोयल,
मैसर्स भारत नगर हाउसिंग,
जिला आगारा।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स मनु देव कान्ट्रैक्टर, 467-सी0 साउथ सिविल लाईन मुजफ्फरनगर का पंजीकरण सहायक निबन्धक कार्यालय फर्म्स सोसायटी एवं चिट्स सहारनपुर परिक्षेत्र सहारनपुर द्वारा दिनांक 22 दिसम्बर, 2015 को हुआ था। पंजीकरण के समय फर्म में 1-मनु देव पुत्र गजेन्द्र सिंह निवासी 467 सी0 साउथ सिविल लाईन मुजफ्फरनगर 2-अशोक कुमार पुत्र बोहर सिंह निवासी 510 नार्थ सिविल लाईन, मुजफ्फरनगर साझीदार थे। दिनांक 19 अक्टूबर, 2023 को फर्म से अशोक कुमार पुत्र बोहर सिंह निवासी 510 नार्थ सिविल लाईन, मुजफ्फरनगर भागीदार फर्म से अपना हिसाब-किताब चुकता करके रिटायर हो गया है तथा दिनांक 19 अक्टूबर, 2023 को ही उसके स्थान पर अजय कुमार पुत्र राजवीर सिंह निवासी जमालपुर, पोस्ट मीरापुर, जिला मुजफ्फरनगर अपने हिस्से की धनराशि देकर फर्म में भागीदार के रूप में सम्मिलित हो गया है। वर्तमान में फर्म में 1-मनु देव व 2-अजय कुमार साझीदार है। उक्त के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर सहायक रजिस्ट्रार फर्म्स सोसायटी व चिट्स, रेलवे रोड, सहारनपुर परिक्षेत्र रेलवे रोड़ के कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। निर्धारित अवधि मिल जाने के उपरान्त किसी भी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सहायक रजिस्ट्रार कार्यालय उक्त द्वारा भागीदारी अधिनियम-1932 के तहत कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व फर्म का होगा।

मनु देव,
साझीदार

सूचना

सूचित किया जाता है कि भागीदारी फर्म मै0 हरी पर्ल हाईट्स, एफ-12 विक्रम कॉलोनी, रामघाट रोड, अलीगढ़-202001 में परिवर्तन की सूचना इस प्रकार है–

यह कि दिनांक 20 जनवरी, 2022 को फर्म के भागीदार श्री संदीप शर्मा पुत्र श्री रामचरन शर्मा निवासी-19/139 गोपालपुरी नियर डी0पी0एस0 सिटी ऑफिस अलीगढ तथा दिनांक- 15 जून, 2023 को श्री महेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र श्री जुगेन्द्रपाल सिंह निवासी-ग्राम पोस्ट पैराई गभाना, अलीगढ अपनी स्वेच्छा से उक्त फर्म की साझेदारी से अलग हो गये हैं अब फर्म में श्री भगवान सिंह, श्री विजय कुमार सिंह, श्री हरीश कुमार सिंह, श्री पवन प्रताप सिंह तथा श्री रोबिन सिंह भागीदार हैं।

भगवान सिंह,
भागीदार,
मै0 हरी पर्ल हाईटस,
एफ-12 विक्रम कॉलोनी,
रामघाट रोड, अलीगढ-202001।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फ्यूचर फूड्स पता 707 सिविल लाईन्स साकेत रोड नियर मनोरंजन पार्क जिला मेरठ उत्तर प्रदेश की पाटनरर्सशिप 11 जुलाई, 2014 को हुई थी जिसमें हम क्रम से दो पार्टनर थे 1 श्री अरूण बंसल पुत्र श्री महेश प्रकाश बंसल 2 श्री अनुज बंसल पुत्र श्री महेश प्रकाश बंसल थे। दिनांक 01 अप्रैल, 2023 की साझेदारी के अनुसार साझेदार 1-श्री अरूण बंसल पुत्र श्री महेश प्रकाश बंसल स्वेच्छा से इस फर्म से अलग हो गये है तथा इनका फर्म से कोई लेना-देना बकाया नही है तथा अब इनके स्थान पर दिनांक 01 अप्रैल, 2023 को नये साझेदार श्री अपार

बंसल पुत्र श्री अनुज बंसल स्वेच्छा से इस फर्म में नये साझेदार आये है। तथा अब इस फर्म में अब क्रम से दो पार्टनर हो गये है। 1-श्री अनुज बंसल पुत्र श्री महेश प्रकाश बंसल 2 श्री अपार बंसल पुत्र श्री अनुज बंसल हो गये है। दिनांक 01 अप्रैल, 2023 की साझीदारी के अनुसार फर्म का पता 707 सिविल लाईन्स साकेत रोड नियर मनोरंजन पार्क जिला मेरठ उत्तर प्रदेश से बदल कर खसरा नं0 381 एण्ड 393 विलेज अच्छरोंदा गगोल रोड तहसील व जिला मेरठ उत्तर प्रदेश हो गया है।

अनुज बंसल,
साझेदार।

सूचना

सूचित किया जाता है कि भागीदारी फर्म मै0 नौवल्टी ग्लास वर्क्स, 20 एस0एन0 मार्ग फरोजाबाद में परिवर्तन की सूचना इस प्रकार है–

यह है कि दिनांक 10 जून, 2022 को फर्म के द्वितीय भागीदार श्री रमाकान्त गुप्ता पुत्र श्री रामभरोसे लाल गुप्ता निवासी-14/3 विभव नगर, फीरोजाबाद उक्त फर्म की साझेदारी से अपनी स्वेच्छा से अलग हो गये हैं तथा दिनांक 10 जून, 2022 को श्रीमती नेहा गुप्ता पत्नी श्री वत्सल गुप्ता निवासी-20 एस0एन0 मार्ग, फीरोजाबाद को उक्त फर्म में साझेदार की हैसियत से सम्मिलित कर लिया गया है। अब फर्म में श्री सुनील गुप्ता, श्री धर्मेन्द्र कुमार गुप्ता, श्री प्रमोद भान गुप्ता, श्रीमती नेहा गुप्ता तथा श्री राकेश चन्द्र गुप्ता भागीदार है।

सुनील गुप्ता,
भागीदार,
मै0 नौवल्टी ग्लास वर्क्स,
20,एस0 एन0 मार्ग, फीरोजाबाद।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हम भागीदार मो0 अनवार 79 दोदीपुर, प्रयागराज एवं रोहित कुमार 695/75 शिवकुटी, प्रयागराज ने पंजीकृत फर्म मे0 कबाना लाउंज एण्ड रेस्टोरेन्ट 126 पी0डी0 टण्डन रोड, सिविल लाइन, प्रयागराज का आज दिनांक 18 अक्टूबर, 2023 को सर्वसहमति से विघटन कर दिया गया है। यह कि फर्म से सम्बन्धित सरकारी, अर्द्धसरकारी, वित्तीय अथवा बैंकिंग संस्थाओं एवं व्यक्तिगत प्रतिष्ठानों में किसी भी प्रकार का लेनदेन तथा दायित्व शेष नहीं है। दोनों भागीदार उक्त फर्म के नाम से आज दिनांक के पश्चात् किसी भी प्रकार का व्यापारिक एवं सेवाकार्य नहीं कर सकेंगे।

मो0 अनवार,
भागीदार।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम नन्दिता गोस्वामी पुत्री सदानन्द गोस्वामी है जो मेरे शैक्षिक अभिलेख में अंकित है। शादी के बाद मैंने अपने नाम के साथ अपने पति की टाइटल राय लगाकर नन्दिता राय रख लिया। त्रुटिवश मेरे आधार कार्ड सं0 5963 2124 2575 में मेरा नाम मण्डिता राय अंकित हो गया है जो कि गलत है। भविष्य में मुझे नन्दिता राय पत्नी असित कुमार राय के नाम से जाना व पहचाना जाय। श्रीमती नन्दिता राय 253/10 महात्मा गांधी मार्ग, इलाहाबाद/प्रयागराज, उ0प्र0–211001।

नन्दिता राय।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मे0 माधव इन्फ्राटेक, शाप नं0 8 बृज काम्पलैक्स, अपोजिट न्यू बस स्टैण्ड मथुरा उपरोक्त फर्म में श्री जगदीश प्रसाद अग्रवाल पुत्र स्व0 जमुना प्रसाद अग्रवाल, श्री कृष्णा दयाल अग्रवाल पुत्र स्व0 जमुना प्रसाद अग्रवाल दोनों साझेदारों ने अपनी फर्म दिनांक 15 फरवरी, 2003 को संचालन की थी। दिनांक 16 जून, 2018 से श्रीमती इन्द्रा अग्रवाल पत्नी स्व0 जगदीश प्रसाद अग्रवाल नये साझेदार के रूप में शामिल हो गई हैं। दिनांक 16 जून, 2018 को श्री जगदीश प्रसाद अग्रवाल पुत्र स्व0 जमुना प्रसाद अग्रवाल जी की मृत्यु हो गयी है। दिनांक 07 फरवरी, 2023 से श्री राजय कुमार अग्रवाल पुत्र स्व0 जगदीश प्रसाद अग्रवाल, श्री अजय अग्रवाल पुत्र स्व0 जगदीश प्रसाद अग्रवाल नये साझेदार के रूप में शामिल हो गये हैं। दिनांक 07 फरवरी, 2023 को श्रीमती इन्द्रा अग्रवाल पत्नी स्व0 जगदीश प्रसाद अग्रवाल की मृत्यु हो गयी है। अब फर्म को श्री राजय कुमार अग्रवाल, श्री अजय अग्रवाल, श्री कृष्णा दयाल अग्रवाल संचालित करेंगे।

श्री कृष्णा दयाल अग्रवाल,
साझेदार।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मेसर्स सुशील कुमार श्रीवास्तव 808 सी बृद्धि आपार्टमेन्ट गैस गोदाम गली दिलेजाकपुर, गोरखपुर उ0प्र0 नामक फर्म में साझेदारी डीड दिनांक 10 अप्रैल, 2015 से श्री सुशील कुमार श्रीवास्तव एवं श्रीमती सुमन श्रीवास्तव जी साझेदार थे। यह की उक्त फर्म कार्यालय सहायक निबंधक फर्म्स सोसाइटी एवं चिट्स गोरखपुर में पंजीकरण सं0 G-4634 पर पंजीकृत है। यह की उक्त फर्म के

साझेदारी डीड दिनांक 06 अप्रैल, 2023 से श्री शिवम श्रीवास्तव जी उक्त फर्म में साझेदार के रूप में शामिल हुए हैं तथा उक्त फर्म का नाम मेसर्स सुशील कुमार श्रीवास्तव से परिवर्तित कर मे0 शिवम कान्सट्रक्शन किया गया है। उक्त फर्म में क्रमशः श्री सुशील कुमार श्रीवास्तव व श्रीमती सुमन श्रीवास्तव एवं शिवम श्रीवास्तव जी हैं। उक्त फर्म में किसी का कोई लेन देन बकाया नहीं है।

सुशील कुमार श्रीवास्तव,
साझेदार,
मे0 शिवम् कान्सट्रक्शन 808 सी बृद्धि आर्पाटमेन्ट गैस गोदाम गली दिलेजाकपुर, गोरखपुर, उ0प्र0।

सूचना

सूचित किया जाता है कि भागीदारी फर्म मे0 राधा रानी कोल्ड स्टोरेज, शमसाबाद रोड, लखुरानी आगरा-283125 में परिवर्तन की सूचना इस प्रकार है–

यह कि दिनांक 09 अक्टूबर, 2023 को श्री मोहित धाकरे पुत्र श्री संजय सिंह धाकरे निवासी-कुण्डौल आगरा फर्म की साझेदारी से अपनी स्वेच्छा से पृथक हो गये हैं। अब फर्म में श्री सौरभ बंसल तथा श्रीमती पूनम बंसल साझेदार हैं।

सौरभ बंसल,
साझेदार,
मे0 राधा रानी कोल्ड स्टोरेज,
शमसाबाद रोड, लखुरानी आगरा–283125।

सूचना

सूचित किया जाता है कि साझेदारी फर्म मे0 डायमण्ड इण्डस्ट्रीज, बी-10, साइट-ए, सिकन्दरा, आगरा में परिवर्तन की सूचना इस प्रकार है–

यह है कि दिनांक 10 मई, 1998 को श्रीमती अर्चना गोयल पत्नी श्री अमित गोयल निवासी-1, सरला बाग, आगरा का निधन हो चुका है। दिनांक 13 मई, 1998 को मे0 सुधीर गोयल एच0यू0एफ0 तथा मे0 अमित गोयल एच0यू0एफ0 को फर्म की साझेदारी में सम्मिलित कर लिया गया है।

दिनांक 27 जनवरी, 2020 को श्रीमती शशी बाला गोयल पत्नी श्री सुधीर कुमार गोयल निवासी–1 सरला बाग, आगरा का निधन हो चुका है।

दिनांक 11 सितम्बर, 2023 को श्री शुभम गोयल पुत्र श्री अमित गोयल निवासी-सी-35 एन्थम पॉकेट–ए, सेक्टर-15 आवास विकास सिकन्दरा, आगरा को फर्म की साझेदारी में सम्मिलित कर लिया गया है तथा उक्त दिनांक को ही फर्म के भागीदार श्री सुधीर कुमार गोयल पुत्र स्व0 रतन प्रकाश निवासी-1 सरला बाग आगरा एवं मे0 सुधीर गोयल एच0यू0एफ0 तथा मे0 अमित गोयल एच0यू0एफ0 फर्म की साझेदारी से अलग हो गये हैं। अब फर्म में श्री अमित गोयल एवं श्री शुभम गोयल साझेदार हैं।

अमित गोयल,
साझेदार,
मे0 डायमण्ड इण्डस्ट्रीज,
बी-10, साइट-ए, सिकन्दरा, आगरा।

पी0एस0यू0पी0–32 हिन्दी गजट–भाग 8–2023 ई0।
मुद्रक एवं प्रकाशक–निदेशक, मुद्रण एवं लेखन-सामग्री, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।